मैय्या घुमा दे हिंदुस्तान

पाकिस्तानी छोरी बोली अपनी माँ के कान में,
मेरी मैय्या हे,
हे मेरी मैय्या हे मोहे घुमा दे हिंदुस्तान में,
मेरी मैय्या हे मोहे घुमा दे हिंदुस्तान में.....

हरिद्वार में जाके माँ मैं गंगा जी में नहा लुंगी,
री हरिद्वार में जाके माँ मैं गंगा जी में नहा लुंगी,
नील कंठ पे जल चढ़ा के भोले ने मना लुंगी,
काशी विश्वनाथ में होरी बम बम जयकार से,
मेरी मैय्या हे,
हे मेरी मैय्या हे मोहे घुमा दे हिंदुस्तान में,
मेरी मैय्या हे मोहे घुमा दे हिंदुस्तान में.....

वैष्णो देवी जाके माँ में चुन्नी चढ़ा के आउंगी,
हो वैष्णो देवी जाके माँ में चुन्नी चढ़ा के आउंगी,
नो देवी के दर्शन करके भैरो ने भी मनाऊंगी,
कंजक बिठाऊंगी में हलवा पूरी साथ में,
मेरी मैय्या हे,
हे मेरी मैय्या हे मोहे घुमा दे हिंदुस्तान में.....

वृन्दावन में जाके माँ में कान्हा जी ने रिझाऊँगी,
री वृन्दावन में जाके माँ में कान्हा जी ने रिझाऊँगी,
बरसाने में जाऊं वहां में राधा दर्शन पाऊँगी,
रास रचाऊँगी माँ मैं गोपियो साथ में,
मेरी मैय्या हे मोहे घुमा दे हिंदुस्तान में,
हे मेरी मैय्या हे मोहे घुमा दे हिंदुस्तान में.....

अयोध्या जी राम मन्ने लागे सबसे प्यारा से,
अयोध्या जी राम मन्ने लागे सबसे प्यारा से,
बाला जी यो संकट काटे गुरुओ का देश निराला से,
खाटू धाम में हंसराज जी सदा ही शीश झुकावे से,
मेरी मैय्या हे मोहे घुमा दे हिंदुस्तान में,
हे मेरी मैय्या हे मोहे घुमा दे हिंदुस्तान में......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29147/title/mayia-ghuma-de-hindustan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |